an>

Title: Need to declare CRPF Jawans killed in Pulwama as martyrs and provide jobs to their dependents.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान, मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा के केद्रीय गोला-बारूद भण्डार, पुलगाँव की ओर दिलाना चाहता हूँ, जहाँ विगत 31 मई, 2016 को हुए एक विस्फोट में 19 जवान शहीद हो गये थे। इसमें 13 फायरमैन और छः फौजी शहीद हुए थे। यह एक दर्दनाक घटना थी। इस घटना में शहीद हुए 19 जवानों को शहीद का दर्जा दिये जाने के साथ-साथ उनके आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर प्रत्येक के परिवार में से एक सदस्य को सरकारी सेवा में लेना था, जो अभी तक नहीं किया गया है। फायरमैन को भारत के राऐट्रपति की ओर से फायरमैन अवार्ड दिया जाता है।

अतः आपके माध्यम से मैं, माननीय रक्षा मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि पुलगाँव गोला-बारूद भण्डार में शहीद हुए 19 जवानों के परिवारों को सभी तरह की सरकारी व्यवस्था दिलाने की कृपा करें ताकि वे अपने ऊपर आयी इस विपत्ति का सामना करने में सक्षम हो सकें और जो फायरमैन थे, उनको राऐट्रपति फायरमैन अवार्ड भी दिलाने की कृपा करें।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

कुँवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल को श्री रामदास तडस द्वारा उठाये गये विऐय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।